मिठाई, कपड़े, बर्तन, इलेक्ट्रानिक सामान, पटाखे, दीये, मोमबत्ती, झालर, रंगोली व सजावट के सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। नगर पंचायत की ओर से नगर में जगमग लाइटें लगाई गई थीं। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, थाने के सामने, चौराहों व प्रमुख मार्गों को झालरों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। शाम होते ही पूरा कस्बा रोशनी से जगमगा उठा। पुलिसकर्मी मुख्य बाजार, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहे।





भगवान श्रीकृष्ण का किया गुणगान

गाय के गोबर से आकर्षक गोवर्धन भगवान की प्रतिमा बनाकर किया गया पूजन

संवाद सूत्र, जागरण • मीरापुर: विख्यात श्री शीतला माता मंदिर व मीरापुर के मुहल्ला कबुलपुरा स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर में गाय के गोबर से गोवर्धन भगवान की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की गई तथा अन्नकूट का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। मीरापुर व देहात क्षेत्र में सोमवार को गोवर्धन पर्व व विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया गया। घरों में गाय के गोबर से आकर्षक गोवर्धन भगवान की प्रतिमा बनाई गई तथा उसके बाद विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। श्री शीतला माता मंदिर में समिति अध्यक्ष अनिरुद्ध शारदा ने सपत्नीक भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की तथा अन्नकूट का भोग लगाया। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। व्यवस्था बनाने वालों में मास्टर चन्द्रपाल, नवनीत शारदा, एडवोकेट सिद्धार्थ राजवंशी आदि मौजूद रहे। वहीं, मुहल्ला कबुलपुरा में श्री शिव हनुमान मंदिर में भी भगवान गोवर्धन को अन्नकूट का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। तरुण गर्ग, रोहित सिंघल, पं. संतोष शर्मा, विकास गोयल मौजूद रहे।


मीरापुर के श्री शीतला माता मंदिर में भगवान गोवर्धन की पूजा करते श्रद्धालुगण • जागरण

गोवर्धन पूजा कर की परिवार में खुशहाली की कामना : जानसठ में सोमवार को अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। कई स्थानों पर लोगों ने घरों और मंदिरों में गोवर्धन की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और उन्नत खेती की कामना की। कुछ स्थानों पर मंगलवार को भी गोवर्धन पूजा की जाएगी।

धूमधाम से मनाया गोवर्धन पर्व

छपार: गांव छपार में दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। घरों में लक्ष्मी गणेश की पूजा कर युवाओं व बच्चों ने जमकर पटाखे छुड़ाए। सोमवार को गोवर्धन पूजा का पर्व भी मनाया गया। घरों में गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की गई। छपार के अलावा बरला, बसेड़ा, तेजलहेड़ा, सिमर्थी, खिंदड़िया, कासमपुर, जयभगवानपुर, रेतानगला, ताजपुर, कुतुबपुर, खुड्डा, खामपुर, रेई, बढेड़ी, सिसौना व रामपुर तिराहे पर भी दीपावली व गोवर्धन पूजा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया। संसू।


बुढ़ाना के यूपी ग्रामीण बैंक पर दीपावली मनाते किसान • वीडियो ग्रेब

किसानों ने बैंक पर मनाई दीपावली

संवाद सूत्र, जागरण • बुढ़ाना : उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की बुढ़ाना शाखा पर किसानों के खातों से गबन की रकम वापस दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। रविवार को दीपावली का त्योहार किसानों ने बैंक परिसर के सामने ही मनाया। किसानों ने फुलझड़ी और अन्य पटाखे जलाकर दीपावली का त्योहार मनाया।

भाकियू के तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा कि जब तक उनका गबन हुआ पैसा वापस नहीं मिल जाता, वे त्योहार घर पर नहीं मनाएंगे। किसान धरने के 29वें दिन सोमवार को भी बैंक परिसर के बाहर डटे रहे। इससे पहले गुरुवार को आरएम अजय प्रताप सिंह और डीआरएम नवदीप सिंह ने बताया था कि 304 शिकायतों की जांच पूरी हो चुकी है और करीब 16 करोड़ रुपये का गबन सामने आया है। तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया था कि 16 नवंबर से खातों में पैसा आना शुरू हो जाएगा और नवंबर माह में सभी प्रभावितों को रकम मिल जाएगी।

हर्षोल्लास से मनाया गया दीपावली का त्योहार

संवाद सूत्र, जागरण • जानसठ : कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व रविवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया। शाम होते ही पूरा कस्बा दीपों और रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। दीपावली के अवसर पर लोगों ने विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। परिवार के सदस्यों ने एक दूसरे के साथ पूजा कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद घरों में दीप प्रज्वलित किए गए और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

आइएमए के संग मनाया दीपोत्सव, विदेशी भी शामिल रहे

मुजफ्फरनगर (वि.): इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें चिकित्सकों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। इस दौरान विदेश से घूमने आए पर्यटकों और उनके स्वजन ने दीपोत्सव में शामिल होकर भारतीय संस्कृति को देखकर हर्ष जताया।

आइएमए ने शनिवार शाम को नमस्ते द्वार होटल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें आइएमए से जुड़े चिकित्सक एवं उनके स्वजन ने दीपावली पर्व का आनंद लिया। इस दौरान भारत की यात्रा पर आए विदेशी पर्यटक भी आइएमए के दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनमें कनाडा, फ्रेंच एवं जर्मन डेलीगेट्स थे।

पंजाब नैशनल बैंक ..... भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ... the name you can BANK upon!

सर्किल कार्यालयः मुजफ्फरनगर : प्लॉट नं. 01, शाकुंतलम आवास विकास कॉलोनी सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
E-Mail: COMZNSAM@PNB.BANK.IN

ई–नीलामी बिक्री सूचना।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) एवं 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सामान्य जनता और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ऋणियों) और गारंटीकर्ता (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, संबंधित उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ता (ऋणियों) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को देय बकाया राशि की वसूली के लिए, नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित आंकड़ों के अनुसार '6जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर का नाम	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों के बंधककर्ता)	सरफेसी अधिनियम 2002 की मांग सूचना 13(2) की तिथि / बकाया राशि / कब्जे की तिथि / कब्जे की प्रकृतिः प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि और समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋण का विवरण
1.	बीओः रेलवे रोड (058720) मोहम्मद फरमान पुत्र अकबर (उधारकर्ता) श्री अकबर पुत्र इमामुद्दीन (सहउधारकर्ता/बंधककर्ता श्रीमती सईदा बेगम पत्नी श्री अकबर (सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता) श्री नौशाद पुत्र अख्तर (गारंटर)	आवासीय सम्पत्ति जो खसरा नंबर 676, के हिस्से में स्थित है। मोहल्ला सुभाष नगर, गाँव–सरवट (बाहर हदूद), अब्दुल्ला मस्जिद के पास, नसीरपुर रोड, जिला मुजफ्फरनगर में स्थित कुल 125.66 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली संपत्ति, जो श्री अकबर पिता श्री इमामुद्दीन और श्रीमती सईदा बेगम पत्नी श्री अकबर के नाम पर है। इसकी सेल डीड संख्या 6122 है जो 30/04/2013 को रजिस्टर्ड हुई थी और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 15 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः रेलवे लाइन, उत्तरः आराजी शमशाद की जमीन, दक्षिणः श्री याकूब का घर।	11.03.2026 रू. 6,03,198.31 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 24.07.2026 रचनात्मक	रू. 24.00 लाख रू. 2.40 लाख रू. 24,000/–	26.11.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
2.	बीओः सिखेड़ा नगला कबीर (024310) श्री हासिम सैफी पुत्र स्व. असगर सैफी	एक आवासीय सम्पत्ति का EM, जो खसरा नंबर 181M, मोहल्ला मदीना कॉलोनी, भाग 1, गाँव सरवट बहार हदूद निकट चुन्ना जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का हिस्सा है। इसका कुल क्षेत्रफल 41.62 वर्ग मीटर है और यह श्री हासिम सैफी पुत्र श्री असगर सैफी के नाम पर है। यह सेल डीड संख्या 1957, दिनांक 21–02–2019 के तहत पंजीकृत है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं:– उत्तरः आलम का घर, दक्षिणः मुनीर का घर, पूर्वः दूसरों का घर, पश्चिमः 15 फीट चौड़ी सड़क।	07.11.2025 रू. 8,42,237.15 31.10.2026 से ब्याज के साथ+DI और अन्य शुल्क 29.01.2026 रचनात्मक	रू. 11.00 लाख रू. 1.10 लाख रू. 11,000/–	26.11.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
3.	बीओः जलालाबादः 1. श्रीमति उज्जमा पुत्री व. श्री मतलूब चौधरी (उधारकर्ता स्व. श्रीमती नजमा और गारंटर व बन्धककर्ता स्व. श्री मतलूब चौधरी की कानूनी वारिस) 2. श्रीमति नाजुक पुत्री स्व. श्री मतलूब चौधरी (उधारकर्ता स्व. श्रीमती नजमा और गारंटर व बन्धककर्ता स्व. श्री मतलूब चौधरी की कानूनी वारिस) 3. श्री हामिद पुत्र स्व. श्री मतलूब चौधरी (उधारकर्ता स्व. श्रीमती नजमा और गारंटर व बन्धककर्ता स्व. श्री मतलूब चौधरी के कानूनी वारिस) 4. श्री फजल पुत्र स्व. श्री मतलूब चौधरी (उधारकर्ता स्व. श्रीमती नजमा और गारंटर व बन्धककर्ता स्व. श्री मतलूब चौधरी के कानूनी वारिस)	कमर्शियल प्रॉपर्टी जिसका क्षेत्रफल 340 वर्ग मीटर खसरा नंबर 1279/1 है, जो ग्राम जलालाबाद, बहार हदूद, परगना थानाभवन, तहसील शामली, जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है। यह प्रॉपर्टी श्री मतलूब हसन पुत्र श्री हाजी जहूर अहमद के नाम पर है, जैसा कि 23.12.2005 की विक्रय विलेख संख्या 9165, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 633 पृष्ठ 229 से 252 तक, में दर्ज है, जो उप–रजिस्ट्रार शामली के कार्यालय में पंजीकृत है। इस प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः चक सुखबीर आदि, पश्चिमः चक वाजिद खान आदि, उत्तरः चक कामिल खान आदि, दक्षिणः जलालाबाद–टिटरों मार्ग।	17.09.2024 रू. 16,57,678.76 01.11.2026 से आगे के ब्याज के साथ + अन्य शुल्क एनपीए की दिनांक से 09.12.2024 रचनात्मक	रू. 68.00 लाख रू. 6.80 लाख रू. 68,000/–	26.11.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
4.	बीओः विकास भवन (684800) 1. श्री प्रवीण शर्मा पुत्र श्री राज सिंह शर्मा (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 2. श्रीमती अनुराधा शर्मा पत्नी श्री प्रवीण शर्मा (सह–उधारकर्ता) 3. श्री राज सिंह शर्मा पुत्र स्व. श्री खजान सिंह (गारंटर)	द्वितीय तल आवासीय मकान जो श्री प्रवीण शर्मा व श्रीमती अनुराधा शर्मा के नाम पर खसरा सं. 2799 व 3139 में दक्षिण कृष्णापुरी (पुराना मकान सं. 586), म.नं 208/11/30/60 मुजफ्फरनगर में 93.632 वर्ग मीटर माप के अनुसार बही सं. 1 जिल्द सं. 5619 पृष्ठ सं. 39–72 एसआई सं. 2732 दिनांक 06.03.2014 को सब रजिस्ट्रार द्वितीय, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत। प्रॉपर्टी की सीमा नीचे दी गई हैः पूरबः जितेंद्र का घर, पश्चिमः रास्ता 15 फीट चौड़ा, उत्तरः सोरम वाले का घर, दक्षिणः रघुनंदन का घर।	01.08.2025 रू. 10,24,908.71 + 31.10.2026 से आगे का ब्याज + DI और अन्य शुल्क 12.02.2026 रचनात्मक	रू. 19.50 लाख रू. 1.95 लाख रू. 19,500/–	26.11.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
5.	बीओः कैराना (302300):– 1. कमर जहाँ पत्नी तस्लीम खान (उधार लेने वाले तस्लीम खान पुत्र नईम खान की कानूनी वारिस) 2. तंजीम खान पुत्र तस्लीम खान (उधार लेने वाले तस्लीम खान पुत्र नईम खान के कानूनी वारिस) 3. अजीम खान पुत्र तस्लीम खान (उधार लेने वाले तस्लीम खान पुत्र नईम खान के कानूनी वारिस) 4. फईम खान पुत्र तस्लीम खान (उधार लेने वाले तस्लीम खान पुत्र नईम खान के कानूनी वारिस) 5. सैफ खान पुत्र तस्लीम खान (उधार लेने वाले तस्लीम खान पुत्र नईम खान के कानूनी वारिस) 6. जुले खान पुत्री तस्लीम खान (कानूनी वारिस उधारकर्ता तस्लीम खान पुत्र नईम खान) 7. मोहम्मद मुस्तफा पुत्र अली हसन (गारंटर)	तस्लीम खान पुत्र नईम खान के नाम पर पूरब की ओर वाला आवासीय घर, जिसका एरिया 110.72 वर्ग मी. है। यह मोहम्मदाबाद आवासीय टाउन, परगना और तहसील कैराना, जिला मुजफ्फरनगर में है। प्रॉपर्टी की सीमा नीचे दी गई हैः पूरबः रास्ता गली, पश्चिमः श्रीमती खुशनूद का घर, उत्तरः फुरकान का घर, दक्षिणः तासिम का घर।	10.06.2024 प्रकाशित 04.09.2024 रू. 12,41,977.00 31.10.2026 से आगे के ब्याज के साथ + DI और अन्य शुल्क 09.12.2024 रचनात्मक	रू. 9.50 लाख रू. 95,000/– रू. 9,500/–	26.11.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
6.	बीओः शाहपुर असलम खान पुत्र मो. यामीन खान	आवासीय प्लॉट (अब मकान) स्थित खसरा संख्या 1458, बुढाना बहार हदूद, शफीपुर पट्टी, बुढाना, जिला–मुजफ्फरनगर जिसका कुल क्षेत्रफल 91 वर्ग मीटर है। यह प्लॉट 28.06.2016 को असलम खान पुत्र यामीन खान के नाम पर सेल डीड संख्या 5023 के तहत पंजीकृत किया गया था। इस संपत्ति की सीमाएं निम्नलिखित हैं:– पूर्व– मिस्कीन (पत्नी शौकीन) का प्लॉट, पश्चिम– नीलम शर्मा का प्लॉट, उत्तर– शौकीन का प्लॉट, दक्षिण– 25 फीट चौड़ा रास्ता।	17.09.2024 रू. 16,53,136.07 और 01.11.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 12.12.2024 रचनात्मक	रू. 22.00 लाख रू. 2.20 लाख रू. 22,000/–	03.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
7.	बीओः हनुमान रोड शामली 1. श्रीमती दिलशाद पत्नी मोहम्मद इनाम (उधारकर्ता/बंधककर्ता) 2. श्री इरफान पुत्र मोहम्मद इनाम (सह–उधारकर्ता)	आवासीय घर जिसका क्षेत्रफल 38.58 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला घेर बुखारी, शामली जो श्रीमती दिलशाद पत्नी मोहम्मद इनाम के नाम पर जो टाइटल डीड नंबर 8759 दिनांक 07/10/2009 के तहत रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः रशीद पुत्र श्री बांदा का घर, पश्चिमः 7 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः 7 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः नसीर पुत्र श्री बशीर के घर के साथ साझा दीवार।	30.12.2024 रू. 16,24,605.00 दिनांक 01.11.2026 से ब्याज व अन्य शुल्क 19.02.2025 रचनात्मक	रू. 9.00 लाख रू. 0.90 लाख रू. 9,000/–	03.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
8.	बीओः कैराना (302300) 1. इनाम पुत्र मीदू (उधारकर्ता) 2. रिजवान पुत्र इनाम (सह–उधारकर्ता) 3. मोबिन (गारंटर)	इनाम पुत्र मीदू के नाम पर एक आवासीय प्लॉट जो अब मकान बन चुका है, जिसका मुख उत्तर दिशा में है। इसका क्षेत्रफल 175 वर्ग गज या 147 वर्ग मीटर है। यह संपत्ति मोहल्ला उस्मानपुरा, नई बस्ती, परगना और तहसील कैराना, जिला मुजफ्फरनगर (अब शामली) में स्थित है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः मोहम्मद इकबाल का प्लॉट, पश्चिमः रईस का प्लॉट, उत्तरः 6 फुट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः हिफजुर रहमान का प्लॉट।	09.10.2023 रू. 9,90,945.10 31.10.2026 से आगे के ब्याज के साथ + DI और अन्य शुल्क 06.01.2024 रचनात्मक	रू. 21.00 लाख रू. 2.10 लाख रू. 21,000/–	03.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
9.	बीओः शेरनगर 719700 1. श्री संजीव कुमार पुत्र श्री शिव कुमार शर्मा (उधारकर्ता) 2. श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री संजीव कुमार (सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता) 3. श्रीमती उर्मिला पत्नी शिव कुमार शर्मा (गारंटर)	एक रिहायशी मकान जो श्रीमती सुमन शर्मा के नाम है जो खसरा नंबर 1271, मोहल्ला राधिकापुरम (गाँव सरवट बहार हदूद), निकट अतुल प्रोविजन स्टोर, परगना मुजफ्फरनगर, जिला मुजफ्फरनगर यूपी में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 41.89 वर्ग मीटर है सेल डीड नंबर 12812, तारीख 07.10.2013, बही नंबर 1, जिल्द नंबर 8085, पेज नंबर 277–290 के अनुसार। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः हरिजन का प्लॉट, उत्तरः 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्री कदम सिंह का मकान।	22.08.2025 रू. 15,60,915.00 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 11.11.2025 रचनात्मक	रू. 21.00 लाख रू. 2.10 लाख रू. 21,000/–	03.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
10.	बीओः सिविल लाइन्स (068910) 1. श्रीमती सुमन पत्नी पप्पू (उधारकर्ता) 2. श्री सूरज पुत्र पप्पू (सह–उधारकर्ता)	एक दक्षिण मुखी आवासीय घर जिसका क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर है, जिसकी माप पूर्व 30' पश्चिम 30' और दक्षिण 30' है, जो खसरा नंबर 966M और मकान नंबर 44 का हिस्सा है, जो मोहल्ला–सुंदर नगर मुजफ्फरनगर में स्थित है, बिक्री विलेख संख्या 15558 दिनांक 15.12.2021 के तहत श्रीमती सुमन पत्नी श्री पप्पू के नाम पर पंजीकृत। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः प्लॉट नंबर 45 विक्रेता, पश्चिमः प्लॉट नंबर 27A विक्रेता, उत्तरः अन्य की भूमि, दक्षिणः 18 फीट चौड़ा रास्ता	26.08.2025 रू. 10,26,782.94 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 06.11.2025 रचनात्मक	रू. 17.50 लाख रू. 1.75 लाख रू. 17,500/–	03.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
11.	बीओः मोरना (255300) श्रीमती बालेश पत्नी सितम सिंह श्री सचिन कुमार पुत्र सितम सिंह श्री नैन सिंह पुत्र स्व. श्री स्वरूपा (गारंटर)	श्रीमती बालेश पत्नी श्री सीतम सिंह के नाम पर आवासीय घर, माप 100.32 वर्ग मीटर। मोहल्ला दक्षिण कृष्णापुरी, परगना और तहसील मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। बिक्री विलेख संख्या 4192 दिनांक 16.07.2001 के अनुसार, जो इस प्रकार हैः पूर्वः सड़क 20' चौड़ी, पश्चिमः काली चरण और अन्य का प्लॉट, उत्तरः सड़क 12' चौड़ा, दक्षिणः अहमद हसन उर्फ भूरा का प्लॉट।	21.02.2026 रू. 12,95,261.76 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 24.07.2026 रचनात्मक	रू. 25.50 लाख रू. 2.55 लाख रू. 25,500/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
12.	बीओः गांधी कालोनी (395500) 1 श्री खुर्शीद मलिक पुत्र जमील हाजी (उधारकर्ता) 2. श्रीमती शहनाज बानो पत्नी श्री खुर्शीद मलिक (बंधककर्ता /गारंटर)	आवासीय प्लॉट (अब मकान), जिसका क्षेत्रफल 150 वर्ग गज या 125.41 वर्ग मीटर है। जो श्रीमती शहनाज बानो पत्नी श्री मोहम्मद खुर्शीद के नाम है। यह मोहल्ला सुभाष नगर, ग्राम सरवट (बाहर हदूद), मुजफ्फरनगर में खसरा संख्या 672 में स्थित है और दिनांक 12.07.2016 की विक्रय विलेख संख्या 6035 के माध्यम से पंजीकृत है। इसकी माप इस प्रकार हैः पूर्व– 22'6'', पश्चिम– 22'6'', उत्तर– 60', दक्षिण– 60'। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व– दूसरों का प्लॉट, पश्चिम– 15 फीट का रास्ता, उत्तर– स्कूल, दक्षिण– जमील अहमद और अन्य की संपत्ति।	18.03.2026 रू. 6,13,407.85 और ब्याज + अन्य शुल्क 29.05.2026 रचनात्मक	रू. 29.00 लाख रू. 2.90 लाख रू. 29,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
13.	बीओः विकास भवन (684800) 1. श्री मीर हसन चौधरी पुत्र श्री अली जान चौधरी (उधारकर्ता) 2. श्री. जमीर हसन पुत्र अली जान (सह–उधारकर्ता)	एक रिहायशी घर पूर्व मुखी जिसका माप 73.33 वर्ग गज यानी 61.33 वर्ग मीटर है, खसरा नंबर–1977, मोहल्ला अंबा विहार नॉर्थ, मुजफ्फरनगर परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है। यह श्री मीर हसन चौधरी पुत्र श्री अली जान चौधरी और श्री जमीर हसन पुत्र अली जान के नाम पर है। मुजफ्फरनगर के सब–रजिस्ट्रार कार्यालय में 02.02.2021 को सीरियल नंबर–1365, बही नंबर 1, जिल्द नंबर–8764, पेज नंबर–51 से 64 पर प्रॉपर्टी रजिस्टर कराई। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 29 फीट 4 इंच रास्ता, 25 फीट से कम चौड़ा, पश्चिमः 29 फीट 4 इंच डॉ. फरीद का घर, उत्तरः 22 फीट 4 इंच किसी अन्य व्यक्ति का प्लॉट, दक्षिणः 22 फीट 8 इंच श्री चमन का प्लॉट।	10.06.2026 रू. 13,55,049.38 और 29.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 13.08.2026 रचनात्मक	रू. 33.00 लाख रू. 3.30 लाख रू. 33,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
14.	बीओः सलेक मीरापुर (621900) 1. मोहम्मद यूनुस पुत्र मोहम्मद नजर (उधारकर्ता)	श्री यूनुस पुत्र श्री नजर के नाम पर आवासीय प्लॉट, जिसका एरिया 83.61 वर्ग मी. है, जो मकान म्युनिसिपल नं. 380/2 /194, मोहल्ला मुस्तरक, मीरापुर तहसील, जानसठ और जिला मुजफ्फरनगर में है, जो सेल डीन नंबर 8606, तारीख 27.09.2003 के अनुसार रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की सीमा नीचे दी गई हैः पूर्वः अख्तर अली का घर, पश्चिमः बाबू का घर, उत्तरः रास्ता, दक्षिणः रेहतू का घर।	18.07.2026 रू. 8,49,653.37 + 31.10.2026 से आगे का ब्याज के साथ कॉन्ट्रेक्ट रेट और DI + अन्य शुल्क 24.09.2026 रचनात्मक	रू. 22.00 लाख रू. 2.20 लाख रू. 22,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
15.	बीओः गांधी कॉलोनी (395500) 1. श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री सोहनवीर सिंह (उधारकर्ता /बंधककर्ता) 2. श्री शादी राम पुत्र श्री रकम सिंह (गारंटर)	श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री सोहनवीर सिंह के नाम पर एक रिहायशी प्लॉट (अब घर) का EM, जो मोहल्ला अचितपुरम, रकबा गाँव सरवट बाहर हदूद, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में खसरा नंबर 1285 पर स्थित है। इसका एरिया 49.80 वर्ग मीटर है और यह सेल डीड नंबर 1493 दिनांक 03.03.2003 के तहत रजिस्टर है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः श्रीमती संतोष देवी का प्लॉट नं 41, पश्चिमः प्लॉट नं 26, उत्तरः 23 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः प्लॉट नं 40 (अन्य व्यक्ति)।	18.05.2026 रू. 3,17,340.95 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 27.09.2026 रचनात्मक	रू. 15.50 लाख रू. 1.55 लाख रू. 15,500/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
16.	बीओः साउथ भोपा रोड (372000) 1. श्री सनोज कुमार (उधारकर्ता)	श्री सनोज कुमार के नाम पर रिहायशी प्लॉट (अब घर), जिसका एरिया 88.17 वर्ग मीटर है और जो खसरा नंबर 1268 के हिस्से में स्थित गाँव सरवट (बाहर हदूद), परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर है। जोकि सब–रजिस्ट्रार प्रथम मुजफ्फरनगर के यहाँ दिनांक 18.04.2015 को सेल डीड नंबर 3651 के तहत रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः श्रीमती चंद्रकला का प्लॉट, उत्तरः श्रीमती सोमी देवी का घर, दक्षिणः मुकेश का घर और अमित का प्लॉट।	05.05.2026 रू. 20,96,631.96 और 31.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 27.09.2026 रचनात्मक	रू. 29.00 लाख रू. 2.90 लाख रू. 29,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
17.	बीओः गांधी कॉलोनी (395500) 1. श्रीमती सरिता पत्नी वेद प्रकाश 2. श्री वेद प्रकाश पुत्र सुखदेव सिंह	श्रीमती सरिता पत्नी वेद प्रकाश और श्री वेद प्रकाश पुत्र सुखदेव सिंह के नाम पर एक रिहायशी प्लॉट खसरा नंबर 973 का EM, जो मोहल्ला शिवनगर, रकबा गाँव सरवट बाहर हदूद, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है। इसका एरिया 59.76 वर्ग मीटर है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः विनोद (करम सिंह हॉल वाले घर में), पश्चिमः 15 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः संजय का प्लॉट, दक्षिणः श्री महेश कुमार का प्लॉट।	05.05.2026 रू. 7,99,243.70 और 16.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 27.09.2026 रचनात्मक	रू. 19.00 लाख रू. 1.90 लाख रू. 19,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
18.	बीओः मुजफ्फरनगर सिटी (033200) 1. मैसर्स शाकुम्बरी सूट भंडार द्वारा प्रोपराइटर श्री विकास गर्ग पुत्र श्री विनोद कुमार 2. श्री विकास गर्ग पुत्र श्री विनोद कुमार (मालिक) 3. श्रीमती मधु गर्ग पत्नी श्री विनोद कुमार (गारंटर/बंधककर्ता)	दो मंजिला, पूर्व–मुखी रिहायशी मकान स्थित नगर पालिका नंबर पहले 593/12, अब 711, स्थित मोहल्ला लद्दावाला दक्षिण, मुजफ्फरनगर परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर। इसका कुल क्षेत्रफल 144.127 वर्ग गज यानी 120.49 वर्ग मीटर है। यह मकान श्रीमती मधु गर्ग पत्नी श्री विनोद कुमार के नाम पर है और सेल डीड नंबर 3172 दिनांक 05.09.1994 के तहत पंजीकृत है (बही नंबर 1, जिल्द 197/301, पेज 297/525 से 532, सीरियल नंबर 3172, सब–रजिस्ट्रार द्वितीय, मुजफ्फरनगर में पंजीकृत)। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं:– सेल डीड के अनुसार: पूर्वः सत्य प्रकाश का घर; पश्चिमः जय प्रकाश का घर; उत्तरः सड़क (गली); दक्षिणः छोटन लाल का घर साइट के अनुसार: श्री भंवर सिंह का घर, श्री नीरज शर्मा का घर, 15 फीट चौड़ी सड़क (गली), श्री मनोज वर्मा का घर	06.08.2026 रू. 42,16,237.92 और 01.11.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 08.10.2026 रचनात्मक	रू. 45.00 लाख रू. 4.50 लाख रू. 45,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
19.	बीओः पालिका बाजार शामली (042400) 1. मैसर्स एसआरके इंडस्ट्रीज के माध्यम से की मालिक श्रीमती रूबी गर्ग (उधारकर्ता)	आवासीय खाली पूर्व मुखी प्लॉट जो श्रीमति रूबी गर्ग पत्नी सचिन गर्ग के नाम है जिसकी की माप पूर्व दिशा में 25 फीट, पश्चिम दिशा में 25 फीट, उत्तर दिशा में 54 फीट और दक्षिण दिशा में 54 फीट, खसरा नंबर 2805, मोहल्ला शिव विहार, शामली यूपी 247776, सब रजिस्ट्रार शामली बही नं 1 खंड सं. 8429 पृष्ठ सं. 217 से 234 क्र. 3952 दिनांक 05.04.2022 पर पंजीकृत है। संपत्ति की सीमा इस प्रकार हैः पूर्व– 30' चौड़ा रास्ता, पश्चिम– शिव कुमार का प्लॉट, उत्तर– मोहित और शोभित कंबोज का घर, दक्षिण– अतुल संगल का घर	14.05.2026 रू. 14,39,096.45 और 01.11.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 27.07.2026 रचनात्मक	रू. 56.00 लाख रू. 5.60 लाख रू. 56,000/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही
20.	बीओः कुतुबपुर (237700) श्री आसिफ पुत्र लियाकत उधारकर्ता/बंधककर्ता लियाकत पुत्र सुखन (गारंटर)	श्री आसिफ पुत्र श्री लियाकत अली के नाम पर 116.835 वर्ग मीटर का आवासीय मकान स्थित गांव कुतुबपुर परगना भुम्मा संभल हेरा तहसील जानसठ मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में स्थित है, बिक्री विलेख संख्या 15861 दिनांक 13/12/2023 के अनुसार, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 8 फीट चौड़ा रास्ता और अख्तर का घर, पश्चिमः मुस्तकीम का घर, उत्तरः इमाम अली का घर, दक्षिणः मैनुद्दीन और नवाब का घर	18.11.2025 रू. 6,82,644.00 और 30.10.2026 से संविदात्मक दर पर ब्याज व DI + अन्य शुल्क 03.02.2026 रचनात्मक	रू. 8.50 लाख रू. 0.85 लाख रू. 8,500/–	18.12.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM	ज्ञात नही

यह बिक्री सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 में बताए गए नियमों और शर्तों और इन अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी। 1. प्रॉपर्टीज 'जैसी है जहाँ है आधार पर' और 'जैसी है जो है आधार पर' और 'जो कुछ भी है आधार पर' बेची जा रही हैं। 2. ऊपर दी गई अनुसूची में बताई गई सिक्योर्ड एसेट्स की जानकारी ऑथराइज्ड ऑफिसर की जानकारी के अनुसार सबसे अच्छी है, लेकिन ऑथराइज्ड ऑफिसर इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। 3. बिक्री मेरे द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए ई–ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपरोक्त दिनांक को सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। या नोडल ऑफिसर श्री प्रेम कुमार, सर्कल ऑफिस, मुजफ्फरनगर के ऑथराइज्ड ऑफिसर से संपर्क करें, मोबाइलः 9829890590, सभी संबंधित लोग ध्यान दें कि यह प्रकाशन कर्जदारों/गिरवी रखने वालों/गारंटी देने वालों के लिए एक वैधानिक 15/30 दिन की बिक्री सूचना भी है।

सरफेसी एक्ट, 2002 के नियम 9(1) और 8(6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

दिनांकः 07.11.2026 | स्थानः मुजफ्फरनगर/शामली | प्राधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक)